Title: Need to complete Banas Yojana in order to solve drinking water problems in the city of Jaipur, Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है कि राजस्थान में अभी वार्ा पर्याप्त नहीं हुई है। राजस्थान में जितने भी बांध और कुएं थे, वे भरे नहीं हैं और राजस्थान में पेयजल की भारी समस्या है। राजस्थान और विशोकर जयपुर शहर की समस्या को हल करने के लिए बनास योजना जो भारत सरकार के सहयोग से राजस्थान सरकार ने बनाई है, वह बनास योजना पूरी नहीं हो पा रही है। उसका उद्घाटन कई जगह हो गया, कई जगह शिलान्यास हुआ, लेकिन इस योजना पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मेरी आपसे मांग है कि भारत सरकार जयपुर शहर की पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए कुछ रकम दे और राजस्थान सरकार विश्व बैंक से पैसा लेकर इस योजना को पूरा करे तभी जयपुर शहर में पेयजल की समस्या का समाधान हो सकेगा, वरना समाधान नहीं होगा।(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप लोग शांति रखेंगे तो पांच-दस मैम्बर्स को मौका मिलेगा। आप बीच-बीच में खड़े हो जाएंगे तो इससे आपका ही नुकसान होगा।

श्री गिरधारी लाल भार्गव : अध्यक्ष महोदय, जयपुर शहर में पहले दो समय पानी सप्लाई किया जाता था। आज जयपुर शहर में कहीं आधे घंटे पानी सप्लाई होता है और कहीं बिल्कुल पानी नहीं मिलता है। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि जयपुर शहर की पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए दो समय लोगों को पेयजल सप्लाई किया जाए। बनास योजना को पूरा करने के लिए भारत सरकार रकम दे और राजस्थान सरकार द्वारा पत्थर रखकर बनास योजना का उद्घाटन कर दिया गया, उससे यह योजना पार नहीं लगेगी। बनास योजना लागू हो यह मेरी आपसे प्रार्थना है।

आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

अध्यक्ष महोदय : श्री मदन लाल खुराना, आप बोलिये।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैं एक के बाद एक सबको मौका दूँगा। आप खड़े रहेंगे तो मैं हाउस एडजर्न कर दूँगा। वैसे भी एक बज गया है। आप कोआपरेट करेंगे तो पाँच-दस मैम्बर्स को मौका मिल सकता है। कोई भी यदि अब खड़ा रहेगा तो मैं हाउस एडजर्न कर दूँगा। You will all lose your opportunities.

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपको भी अवसर मिलेगा। अगर आप नहीं बैठेंगे तो हाउस एडजर्न हो जाएगा। अभी मैं सिर्फ मदन लाल खुराना जी को सुन रहा हूँ।

...(व्यवधान)